**बैठक.** कम बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति से निबटने का निर्देश

# नहरों की निगरानी और पानी की उपलब्धता बढ़ाएं : संजय झा

**जल संसाधन**

**संवाददाता** ▷ पटना

**जल** संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने राज्य के सभी नहरों में पानी की उपलब्धता बढ़ाने का इंजीनियरों और अधिकारियों को निर्देश दिया है. उन्होंने इसे लेकर गुरुवार को सिंचाई भवन, पटना में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की. इस बैठक में उन्होंने वरीय अधिकारियों को सभी नहरों और जलाशयों में जल की स्थिति का स्थल पर जाकर निगरानी करने, मुख्यालय को अपडेट भेजने सहित मुख्यालय से फ्लाइंग स्क्वायड भेज कर सिंचाई कार्यों के निरीक्षण का निर्देश दिया. मंत्री संजय कुमार झा ने आधे से अधिक कार्य हो जाने के बाद भी लंबित पड़ी सभी सिंचाई परियोजनाओं की बाधाओं को एक निश्चित समय-सीमा के अंदर दूर करने का निर्देश दिया. मंत्री संजय कुमार झा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले सप्ताह राज्य में कम बारिश होने और उससे उत्पन्न स्थिति की विस्तृत समीक्षा की थी. मुख्यमंत्री ने नहरों में जलापूर्ति जारी रखने, जल संचयन के कार्यों में अवरोध को जल्द दूर करने सहित किसानों की समस्याओं से निबटने की तैयारी रखने के निर्देश दिये थे.

## इस वर्ष 21.58 लाख हेक्टेयर में खरीफ सिंचाई का लक्ष्य



समीक्षा बैठक मे विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष कुल 21.58 लाख हेक्टेयर मे खरीफ सिंचाई का लक्ष्य रखा गया है. श्री अग्रवाल ने सिंचाई सृजन के सभी जोन के मुख्य अभियंताओं को जलस्राव की मौजूदा स्थिति मे वृद्धि करने के निर्देश दिये. उन्होंने राज्य के उन अभियंताओं के कार्यों की सराहना की, जिनके द्वारा पिछले दिनो मे विभिन्न बाधाओं को तत्परता से दूर करते हुए नहर के अंतिम छोर तक पहली बार पानी पहुंचाया गया है. इस सिलसिले मे उन्होंने गंगा पंप नहर, भागलपुर और उग्रनाथ शाखा नहर, मधुबनी के कार्यों का विशेष उल्लेख किया.

**फील्ड से हर जोन के मुख्य अभियंता वर्चुअल जुड़े थे :** बैठक मे इंजीनियर इन चीफ (हेडक्वार्टर) रवींद्र कुमार शंकर, इंजीनियर इन चीफ (सिंचाई सृजन) ईश्वर चंद्र ठाकुर, इंजीनियर इन चीफ (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) शैलेंद्र, मुख्य अभियंता (योजना एवं मॉनीटरिंग) नंद कुमार झा, तकनीकी सलाहकार अंजनी कुमार सिंह सहित मुख्यालय के सभी वरीय अधिकारी मौजूद थे.
साथ ही फील्ड से हर जोन के मुख्य अभियंता से लेकर सहायक अभियंता तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे.

## मंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार से किया अनुरोध

समीक्षा बैठक में वरीय अधिकारियों द्वारा मंत्री संजय कुमार झा को जानकारी दी गयी कि रिहंद जलाशय से बिहार को पिछले कुछ दिनों से पानी नहीं मिल रहा. इस कारण दक्षिण बिहार मे सोन नहर प्रणाली मे पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने मे दिक्कत आ रही है. इस पर जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने समीक्षा बैठक के तुरंत बाद उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से फोन पर बात की. साथ ही रिहंद जलाशय से बिहार के लिए पानी छोड़ने का अनुरोध किया. स्वतंत्र देव सिंह ने उन्हें इस मुद्दे पर तत्काल विचार करने का आश्वासन दिया है.